(ग) बैंकिंग विभाग द्वारा किन-किन बैंकों के कितने-कितने अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री रामानन्द यादव) : (क) बिहार सरकार को कई अनुस्मारक भेजे जाने के बावजूद, केन्द्रीय सरकार को बिहार सरकार के सतर्कता विभाग द्वारा की गई जांच के परिणामों के बारे में अभी तक सूचित नहीं किया गया है। इस मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो से करवाने के लिए अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) बिहार सरकार के अधिकारियों के दोषों का पता सतर्कता जांच के पूरा होने पर ही लग सकेगा।

(ग) अधिकारियों अर्थात सेन्ट्रल बैंक आफ इन्डिया के 6 और स्टेट बैंक आफ इन्डिया के तीन अधिकारियों को केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई जांच के दौरान अनियमितताओं में शामिल हुआ पाया गया है। उन सभी के विरुद्ध कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

पम्प सेटों के घोटाले में अन्तर्ग्रस्त बैंक अधिकारियों के विरुद्ध जांच

1425. **श्री अशोक नाथ वर्मा :** क्या कृषि मंत्री 8 मई, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2250 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैंक के सभी अधिकारी घोटाले में समान रूप से अन्तर्ग्रस्त थे, परन्तु उनमें से सभी के विरुद्ध जांच नहीं की गई, इसके क्या कारण हैं, उक्त जांच के बाद दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गई; और

(ख) क्या कृषि विकास बैंक और इसकी शाखाओं द्वारा किए गए कथित घोटाले की जांच "नाबार्ड" द्वारा करवाई गई थी, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और यदि हां, तो कितने व्यक्तियों को दोषी पाया गया तथा उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री रामानन्द यादव) : (क) केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा उन मामलों की जांच की गई है जहां कहीं बैंक अधिकारियों का घोटाले में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होना प्रमाणित हुआ है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने सम्बन्धित बैंक अधिकारियों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल कर दिये हैं। केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा इन मामलों में सक्षम न्यायालयों में अभियोजन कार्रवाई की जा रही है।

(ख) राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भी इन मामलों की जांच की है। राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक के निष्कर्षों को राज्य सरकार को मामले में उचित कार्रवाई करने हेतु सूचित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि इस मामल की जांच राज्य सरकार के सतर्कता विभाग द्वारा की जाएगी।

पम्प सेटों की आपूर्ति की जांच

1426. **श्री अशोक नाथ वर्मा।** क्या कृषि मंत्री 8 मई, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2250 और 2251 के दिए गए उत्तरों को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश भर में बोरिंग और पम्प सेटों की सप्लाई में जालसाजी के संबंध में उसी प्रकार की जांच करवाने का विचार रखती है; और